अनुक्रमांक ..................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2023
## (प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** कलकत्ता में मदरसा की स्थापना किसने की थी? **(1)**

(A) मैकाले ने (B) विलियम बैंटिक ने
(C) वॉरेन हेस्टिंग (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** किसे राष्ट्रीय शिक्षा आयोग भी कहते हैं? **(1)**

(A) राधाकृष्णन आयोग (B) मुदालियर आयोग
(C) कोठारी आयोग (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** भारतीय शिक्षा आयोग का गठन किया गया था? **(1)**

(A) 1880 में (B) 1882 में
(C) 1890 में (D) 1892 में

**4.** 'गोखले विधेयक' प्रस्तुत किया गया था **(1)**

(A) 16 मार्च 1911 (B) 20 मार्च 1911
(C) 16 मार्च 1912 (D) 20 अप्रैल 1919

**5.** शिक्षा आयोग 1964-66 के अध्यक्ष थे **(1)**

(A) डॉ.ए. लक्ष्मणस्वामी मुदालियर (B) श्री एम.टी.व्यास
(C) श्री डी. एस. कोठारी (D) डॉ. ताराचन्द

**6.** प्राच्य-पाश्चात्य विवाद का जन्म हुआ **(1)**

(A) हण्टर आयोग से (B) 1813 के आज्ञापत्र से
(C) मैकाले के वितरण पत्र से (D) वुड के आदेश पत्र से

**7.** शिक्षा को समवर्ती सूची में स्थान दिया था **(1)**

(A) 1970 ई. में (B) 1975 ई. में
(C) 1976 ई. में (D) 1980 ई. में

**8.** फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किसके द्वारा की गयी ? **(1)**

(A) विलियम बैंटिक (B) लार्ड वेलेजली
(C) चार्ल्स ग्रांट (D) इरविन

**9.** निस्पंदन सिद्धान्त के प्रतिपादक कौन थे? **(1)**

(A) चार्ल्स ग्रांट (B) लार्ड मैकाले
(C) लार्ड वेलेजली (D) लार्ड विलियम बैंटिक

**10.** ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड कब आरम्भ हुआ? **(1)**

(A) 1985-86 (B) 1986-87
(C) 1987-88 (D) 1988-89

**11.** शिक्षा छनाई का सिद्धान्त लागू किया गया **(1)**

(A) उच्च वर्ग की शिक्षा हेतु (B) जन शिक्षा हेतु
(C) अंग्रेजों की शिक्षा हेतु (D) छात्रों की शिक्षा हेतु

**12.** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम कब बना? **(1)**

(A) 2005 (B) 2008
(C) 2009 (D) 2011

**13.** कस्तूरबा गाँधी विद्यालय योजना का सम्बन्ध है **(1)**

(A) प्राथमिक शिक्षा से (B) प्राथमिक बालिका शिक्षा से
(C) माध्यमिक शिक्षा से (D) माध्यमिक बालिका शिक्षा से

**14.** भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया? **(1)**

(A) 1903 (B) 1905
(C) 1904 (D) 1908

**15.** कलकत्ता एवं बम्बई विश्वविद्यालय की स्थापना का आदर्श किसे बनाया गया? **(1)**

(A) कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय को (B) आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय को
(C) लंदन विश्वविद्यालय को (D) पेरिस विश्वविद्यालय को

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** निस्पन्दन सिद्धान्त से क्या आशय है? **(1)**

**17.** कोठारी आयोग की नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य क्या था? **(1)**

**18.** शिक्षा के सार्वभौमिकरण से क्या आशय है? **(1)**

**19.** राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना क्या है? **(1)**

**20.** जनशाला कार्यक्रम क्या है? **(1)**

**21.** न्यूनतम अधिगम स्तर से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**22.** विद्यालयोन्मुखी कार्यक्रम से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**23.** पी-मोस्ट कार्यक्रम का पूरा नाम लिखिए। **(1)**

**24.** प्राथमिक शिक्षा के सन्दर्भ में "अपव्यय व अवरोधन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**25.** प्राच्य-पाश्चात्य विवाद क्या है? **(1)**

**26.** DPEP परियोजना का मुख्य कार्य क्या है? **(1)**

**27.** BEP क्या है? **(1)**

**28.** वुड के घोषणा पत्र का शिक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा? **(1)**

**29.** ब्रिज कोर्स का क्या आशय है? **(1)**

**30.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 में 'प्रारम्भिक शिक्षा' से क्या आशय है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। **(2)**

**32.** वुड के घोषणा पत्र 1854 को शिक्षा का मैग्नाकार्टा क्यों कहा जाता है? **(2)**

**33.** भारतीय शिक्षा में लार्ड कर्जन का क्या योगदान है? **(2)**

**34.** कोठारी आयोग की प्रमुख सिफारिशों का संक्षेप में वर्णन करें। **(2)**

**35.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के प्रमुख बिन्दु क्या थे? **(2)**

**36.** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख उद्देश्य बताएं। **(2)**

**37.** प्राथमिक शिक्षा की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**38.** ECCE का क्या उद्देश्य है? **(2)**

**39.** NCERT का मुख्य कार्य क्या है? **(2)**

**40.** 'शिक्षा बिना बोझ के' इस सन्दर्भ में यशपाल समिति के मुख्य सुझाव क्या थे? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/2023

2. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

3. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN